(मुझे इस बात का पूरा विश्वास है कि शिक्षा की वर्तमान पद्धति केवल दोषपूर्ण ही नहीं हानि कारक भी है। बालक अपने माता-पिता तथा पैतृक व्यवसाय का त्याग कर देते हैं। शहर में रहने वालों के समान उन में बुरी आदतें घर कर लेती हैं। वे जो कुछ सीखते हैं। उसे शिक्षा के अतिरिक्त कुछ भी कह सकते हैं—महात्मा गान्धी के इस कथन का विवेचन करते हुए लिखो कि बुनियादी शिक्षा उपरोक्त कमियों को दूर करने में कहां तक समर्थ हो सकी है।)

वर्तमान शिक्षा प्रणाली की त्रुटियां :—

वर्धा योजना का जन्म, वर्तमान शिक्षा प्रणाली की त्रुटियों को दूर करने के लिए हुआ। इसके प्रेणताओं के अनुसार वर्तमान शिक्षा-पद्धति में नी[illegible] लिखे दोष पाए जाते हैं —

(१) वर्तमान शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को स्वावलम्बन का पाठ नहीं पढ़ाती। अध्ययन की समाप्ति के पश्चात् व्यक्ति आत्म-निर्भर नहीं हो पाता, किसी कार्यालय में सिवाय चाकरी करने के, वह कुछ और कर सकने में समर्थ है।

(२) यह शिक्षा बहुत शाब्दिक है। शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष पर बल दिया जाता।

(३) इस शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण में किसी प्रकार कोई सहायता नहीं मिलती।

(४) यह शिक्षा बहुत महंगी है, इस लिए केवल गिने चुने लोग ही इस उठा सकते हैं।

(५) यह शिक्षा देश की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती क्योंकि किसी प्रकार की व्यवहारिक शिक्षा का आयोजन नहीं।

(६) वर्तमान शिक्षा अपूर्ण होने के कारण विद्यार्थियों के सर्वांगीण किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं मिलती।

Critically examine the above views of Mahatama Gandhi and how far the Basic Scheme of Education has succeeded in remed above mentioned defects.

(मुझे इस बात का पूरा विश्वास है कि शिक्षा की वर्तमान पद्धति के दोषपूर्ण ही नहीं हानि कारक भी है। बालक अपने माता-पिता तथा पैतृ व्यवसाय का त्याग कर देते हैं। शहर में रहने वालों के समान उन में बुरी आदतें घर कर लेती हैं। वे जो कुछ सीखते हैं। उसे शिक्षा के अतिरिक्त कुछ भी कह सकते हैं—महात्मा गान्धी के इस कथन का विवेचन करते हुए लिखो कि बुनियादी शिक्षा उपरोक्त कमियों को दूर करने में कहाँ तक समर्थ हो सकी है।)

वर्तमान शिक्षा प्रणाली की त्रुटियाँ :—

वर्धा योजना का जन्म, वर्तमान शिक्षा प्रणाली की त्रुटियों को दूर करने के लिए हुआ। इसके प्रणेताओं के अनुसार वर्तमान शिक्षा-पद्धति में नीचे लिखे दोष पाए जाते हैं —

(१) वर्तमान शिक्षा प्रणाली व्यक्ति को स्वावलम्बन का पाठ नहीं पढ़ाती। अध्ययन की समाप्ति के पश्चात् व्यक्ति आत्म-निर्भर नहीं हो पाता, किसी कार्यालय में सिवाय बाबूगीरी करने के, वह कुछ और कर सकने मे असमर्थ है।

(२) यह शिक्षा बहुत सैद्धान्तिक है। शिक्षा के व्यवहारिक पक्ष पर बल नहीं दिया जाता।

(३) इस शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण में किसी प्रकार कोई सहायता नहीं मिलती।

(४) यह शिक्षा बहुत महँगी है, इस लिए केवल गिने चुने लोग ही इस लाभ उठा सकते हैं।

(५) यह शिक्षा देश की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती क्योंकि किसी प्रकार की व्यावसायिक शिक्षा का आयोजन नहीं।

(६) वर्तमान शिक्षा अपूर्ण होने के कारण ... किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं

सर्वांगीण

यह तभी हो सकता है जब कि आगे बढ़ने के लिए सब को
मिलें। फिर लोकतन्त्रीय शासन का भार तो नागरिकों पर
अशिक्षित व्यक्तियों द्वारा शासन व्यवस्था सुचारु रूप से न
अतएव सिद्धान्ततः प्रारम्भिक शिक्षा सब के लिए अनिवार्य तथा
चाहिए।

(२) शिक्षा का माध्यम मातृभाषा—योजना में मातृभाषा
के रूप में स्वीकार किया गया है। शिक्षा का माध्यम अ
विद्यार्थियों का बहुत सा समय, भाषा की जटिलता दूर करने
था। गान्धी जी के शब्दों में "विदेशी माध्यम सिर दर्द का का
बालकों पर अनावश्यक दबाव डालता है और उन्हें रट्टू और
देता है। उन में इतनी क्षमता नहीं रहती कि वे कोई मौलिक
अथवा मौलिक रूप से किसी बात पर विचार कर सकें। उनकी
लाभ उनके परिवार या जन साधारण को नहीं हो सकत
foreign medium has caused a brain fag,
undue strain upon the nerves of our childre
them crammers and imitators, unfitted t
original work and thought and disabled t
filtrating their learning to their family or the n

(३) उद्योग-केन्द्रीत शिक्षा—जाकिर हुसैन समिति ने गान्धी
विचारधारा से सहमत होते हुए शिक्षा को उद्योग-केन्द्रित करने
दी। उद्योग का चुनाव शिक्षा के भिन्न-भिन्न विषयों को परस्पर सम
की सम्भावना पर ही होना चाहिये। शिक्षा की सक्रियता में
रुचियों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। निर्वाचित उद्योग का
क्रमपूर्वक तथा वैज्ञानिक ढग से होना चाहिए जिससे कि बालकों मे
बढ़े और परिणाम लाभप्रद रहे। प्रयत्न यह होना चाहिए कि उद्यो
का साधन भी हो और साध्य भी।

(४) शिक्षा को स्वावलम्बी बनाना—इस योजना की एक अन्य
यह भी है कि जहाँ तक सम्भव हो सके, शिक्षा को स्वावलम्बी बनाय

यह तभी हो सकता है जब कि आगे बढ़ने के लिए सब को समान अवसर मिलें। फिर लोकतन्त्रीय शासन का भार तो नागरिकों पर ही रहता है। अशिक्षित व्यक्तियों द्वारा शासन व्यवस्था सुचारु रूप से न चल सकेगी। अतएव सिद्धान्ततः प्रारम्भिक शिक्षा सब के लिए अनिवार्य तथा नि.शुल्क होनी चाहिए।

(२) शिक्षा का माध्यम मातृभाषा—योजना में मातृभाषा को माध्यम के रूप मे स्वीकार किया गया है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होने से विद्यार्थियो का बहुत सा समय, भाषा की जटिलता दूर करने मे लग जाता था। गान्धी जी के शब्दों मे "विदेशी माध्यम सिर दर्द का कारण है। वह बालको पर अनावश्यक दबाव डालता है और उन्हे रट्टू और नकलची बना देता है। उन मे इतनी क्षमता नहीं रहती कि वे कोई मौलिक कार्य कर स अथवा मौलिक रूप से किसी बात पर विचार कर सकें। उनकी शिक्षा लाभ उनके परिवार या जन साधारण को नही हो सकता" (Th foreign medium has caused a brain fag, put a undue strain upon the nerves of our children, mad them crammers and imitators, unfitted them fo original work and thought and disabled them fo filtrating their learning to their family or the masses)

(३) उद्योग-केंद्रीत शिक्षा—जाकिर हुसैन समिति ने गान्धी जी की विचारधारा से सहमत होते हुए शिक्षा को उद्योग-केन्द्रत करने की सम्मति दी। उद्योग का चुनाव शिक्षा के भिन्न-भिन्न विषयो को परस्पर सम्बन्ध करने की सम्भावना पर ही होना चाहिये। शिक्षा की सक्रियता मे बालको की रुचियो का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। निर्वाचित उद्योग का अध्यापन क्रमपूर्वक तथा वैज्ञानिक ढग से होना चाहिए जिससे कि बालको मे कुशलता बढ़े और परिणाम लाभप्रद रहे। प्रयत्न यह होना चाहिए कि उद्योग शिक्षा का साधन भी हो और साध्य भी।

(४) शिक्षा को स्वावलम्बी बनाना—इस योजना की एक अन्य विशेषता यह भी है कि जहाँ तक सम्भव हो सके, शिक्षा को स्वावलम्बी बनाया जाए।

(४) नागरिकता की शिक्षा—इस योजना के अनुसार बालको मे नागरिकता के गुणो का विकास किया जाता है। शोषण के स्थान पर प्रेम और अहिंसा पर बल दिया जाता है। पाठशाला का कार्यक्रम प्रजातन्त्रवादी सिद्धान्तो पर आधारित है।

बुनियादी शिक्षा के दोष—

(१) शिक्षा बाल-केन्द्रित नहीं—वर्धा योजना बाल-केन्द्रित न होकर उद्योग-केंद्रित है। फलस्वरूप बहुत छोटी अवस्था मे ही बालकों पर किसी व्यवसाय का बोझ लाद दिया जाता है।

(२) स्वावलम्बन का सिद्धान्त अव्यवहारिक तथा हानिकारक है।—पिछले २३ वर्षों का अनुभव तो यही बताता है कि शिक्षा को स्वालम्बी नही बनाया जा सकता। ऐसा करने पर विद्यालय और कारखाने मे क्या अन्तर रह जाएगा? अध्यापक अपने वेतन का खर्च निकालने के लिए बालको का शोषण करेंगे।

(३) पाठ्य-पुस्तकों का अभाव—इस योजना मे पाठ्य-पुस्तको की कमी है। बालको को सभी वस्तुओ का ज्ञान वास्तविक रूप से ही नहीं कराया जा सकता। उसके लिए पुस्तको तथा अन्य उपकरणो आदि की भी आवश्यकता पड़ती है।

(४) उद्योग के चुनाव में कठिनाई—छोटी अवस्था में बालकों की रुचियो का पर्याप्त विकास नही हुआ होता। वे माता, पिता अथवा अध्यापक की सम्मति मे जो भी उद्योग चुनते हैं उसे अन्त तक निबाहना ही पड़ता है। बाद मे चाहे उनकी रुचि उसमे हो या न हो।

(५) पाठशाला परिवर्तन में कठिनाई—यदि बुनियादी पाठशालाओ के बालक अन्य पाठशालाओ मे तथा वहाँ के बालक यहाँ आना चाहे तो बड़ी कठिनाई उपस्थित होगी क्योंकि दोनों के पाठ्यक्रमो में बड़ा अन्तर है।

Q 111. Upon what fundamental principles is the Dalton Plan based? Evaluate them. [Punjab 1953]

(डाल्टन योजना के आधारभूत सिद्धान्त कौन कौन से हैं? उनका मूल्यांकन करो।) [पंजाब १९५३]

(४) नागरिकता की शिक्षा—इस योजना के अनुसार बालको मे नागरिकता के गुणो का विकास किया जाता है। शोषण के स्थान पर प्रेम और अहिंसा पर बल दिया जाता है। पाठशाला का कार्यक्रम प्रजातन्त्रवादी सिद्धान्तो पर आधारित है।

बुनियादी शिक्षा के दोष—

(१) शिक्षा बाल-केन्द्रित नहीं—वर्धा योजना बाल-केन्द्रित न होकर उद्योग-केन्द्रित है। फलस्वरूप बहुत छोटी अवस्था मे ही बालकों पर व्यवसाय का बोझ लाद दिया जाता है।

(२) स्वावलम्बन का सिद्धान्त अव्यवहारिक तथा हानिकारक है पिछले २३ वर्षों का अनुभव तो यही बताता है कि शिक्षा को स्वाल नही बनाया जा सकता। ऐसा करने पर विद्यालय और कारखाने मे अन्तर रह जाएगा? अध्यापक अपने वेतन का खर्च निकालने के लिए बा का शोषण करेंगे।

(३) पाठ्य-पुस्तकों का अभाव—इस योजना मे पाठ्य-पुस्तको की है। बालको को सभी वस्तुओ का ज्ञान वास्तविक रूप से ही नहीं कर जा सकता। उसके लिए पुस्तको तथा अन्य उपकरणो आदि की भी श्यकता पड़ती है।

(४) उद्योग के चुनाव में कठिनाई—छोटी अवस्था में बालकों रुचियो का पर्याप्त विकास नही हुआ होता। वे माता, पिता अथवा अध्या की सम्मति से जो भी उद्योग चुनते हैं उसे अन्त तक निबाहना ही पड़ता है बाद मे चाहे उनकी रुचि उसमे हो या न हो।

(५) पाठशाला परिवर्तन में कठिनाई—यदि बुनियादी पाठशाला बालक अन्य पाठशालाओ मे तथा वहाँ के बालक यहाँ आना चाहे ही कठिनाई उपस्थित होगी क्योंकि दोनों के पाठ्यक्रमो में बड़ा अन्तर है

Q III. Upon what fundamental principles is the Dalton Pla sed? Evaluate them. [Punjab 195

(डाल्टन योजना के आधारभूत सिद्धान्त कौन कौन से हैं? उनक

उत्तर—डाल्टन पद्धति का जन्म—

डाल्टन पद्धति अथवा प्रयोगशाला योजना (Laboratory Plan) की रचना का श्रेय प्रसिद्ध अमेरिकन शिक्षा-शास्त्रिणी कुमारी हेलन पार्खर्स्ट (Helen Parkhurst) को दिया जा सकता है। कुमारी पार्खर्स्ट, इससे पूर्व १९१५ से १९१८ ई० तक श्रीमती मौंटेसरी के साथ काम कर चुकी थी और वैयक्तिक शिक्षा के महत्व से भलीभाँति परिचित थी। इस पद्धति का प्रारम्भ १९२० ई० में अमेरिका के मेसेच्यूट्स (Massachusetts) राज्य के डाल्टन (Dalton) नामक नगर में हुआ।

कुमारी पार्खर्स्ट को तीस विद्यार्थी पढ़ाने के लिए दिए गए। इन इन बालकों को इस नई विधि द्वारा शिक्षा प्रदान की और इन्हे महत्व सफलता मिली। यह अपनी पद्धति को माटेसरी योजना का एक समझती थी। इस योजना के अनुसार पाठ्यक्रम में किसी प्रकार के परिव की आवश्यकता नहीं। केवल विद्यालय का संगठन नए ढङ्ग से करना पड़ है। यह प्रणाली अध्ययन की समस्या को व्यक्तिगत विद्यार्थी के दृष्टिकोण देखती है और माध्यमिक तथा उच्च कक्षाओं में विशेष रूप से लाभकारी सि हो सकती है।

डाल्टन योजना के सिद्धान्त—

(१) व्यक्तिगत भेदों के अनुसार कार्य—बालकों में परस्पर शारीरि तथा मानसिक रूप से अन्तर होता है। इस योजना के अनुसार बालकों को अपने व्यक्तिगत भेदों और क्षमताओं के अनुसार प्रगति करने का पूरा-पूर अवसर प्रदान किया जाता है। मेधावी बालक को तीव्र गति से आगे बढ़ने तथा मतिमन्द बालक को मन्द गति से चलने की पूरी-पूरी सुविधा है। यदि कोई बालक किसी विशेष विषय में कमजोर है तो वह उस विषय में अधिक समय तक कार्य कर सकता है।

(२) शिक्षा में पूर्ण स्वतन्त्रता—पाठशाला में पूर्ण-स्वतन्त्रता का वाता-वरण होता है। बालक के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिए यह अत्यन्त

उत्तर—डाल्टन पद्धति का जन्म—

डाल्टन पद्धति अथवा प्रयोगशाला योजना (Laboratory Pl
की रचना का श्रेय प्रसिद्ध अमेरिकन शिक्षा-शास्त्रिणी कुमारी
पार्खर्स्ट (Helen Parkhurst) को दिया जा सकता है। कु
पार्खर्स्ट, इससे पूर्व १९१५ से १९१८ ई० तक श्रीमती मौंटेसरी के साथ
कर चुकी थी और वैयक्तिक शिक्षा के महत्व से भलीभाँति परि
थी। इस पद्धति का प्रारम्भ १९२० ई० में अमेरिका के मेसेच्यु
(Massachusetts) राज्य के डाल्टन (Dalton) नामक नगर
हुआ।

कुमारी पार्खर्स्ट को तीस विद्यार्थी पढ़ाने के लिए दिए गए। इन्हें
इन बालकों को इस नई विधि द्वारा शिक्षा प्रदान की और इन्हें महत्वपू
सफलता मिली। यह अपनी पद्धति को माटेसरी योजना का एक भ
समझती थी। इस योजना के अनुसार पाठ्यक्रम में किसी प्रकार के परिवर्त
की आवश्यकता नहीं। केवल विद्यालय का संगठन नए ढङ्ग से करना पड़त
है। यह प्रणाली अध्ययन की समस्या को व्यक्तिगत विद्यार्थी के दृष्टिकोण
देखती है और माध्यमिक तथा उच्च कक्षाओं में विशेष रूप से लाभकारी सि
हो सकती है।

डाल्टन योजना के सिद्धान्त—

(१) व्यक्तिगत भेदों के अनुसार कार्य—बालकों में परस्पर शारीरिक
तथा मानसिक रूप से अन्तर होता है। इस योजना के अनुसार बालकों को
अपने व्यक्तिगत भेदों और क्षमताओं के अनुसार प्रगति करने का पूरा-पूरा
अवसर प्रदान किया जाता है। मेधावी बालक को तीव्र गति से आगे बढ़ने
तथा मतिमन्द बालक को मन्द गति से चलने की पूरी-पूरी सुविधा है। यदि
कोई बालक किसी विशेष विषय में कमजोर है तो वह उस विषय में अधिक
समय तक कार्य कर सकता है।

(२) शिक्षा में पूर्ण स्वतन्त्रता—पाठशाला में पूर्ण-स्वतन्त्रता का वाता-
वरण होता है। बालक के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिए यह अत्यन्त

को निश्चित समय में पूरा करते है। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी गति
करता है। यदि उस की इच्छा हो तो एक महीने का कार्य जल्दी
कर सकता है। परन्तु अगले मास का कार्य उसे तब तक नहीं दिया
जाता जब तक कि वह उस मास के लिए निर्दिष्ट सभी विषयों के कार्य
नहीं कर लेता।

(ख) वर्ग कक्षाओं के स्थान पर विषय प्रयोगशालाएं (Subject
laboratories in place of class-rooms)—इस योजना
अनुसार कक्षाओं को समाप्त कर दिया गया है और उनके स्थान पर भिन्न
विषयों की प्रयोगशालाओं का आयोजन किया गया है। इन प्रयोग
शालाओं में अपने-अपने विषय के समस्त उपकरण—पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं
मान चित्र, रेखा चित्र तथा मूर्तियां (models), इत्यादि, रखे रहते
विभिन्न कक्षाओं के बालक जिस विषय के कार्य को पूरा करना चाहते हैं
विषय की प्रयोगशाला में जाकर अध्ययन करते हैं। उन्हें इस बात की
स्वतन्त्रता होती है कि वे किसी भी प्रयोगशाला में जाएं और जितना
चाहें वहां बैठें। इन्हीं सब कारणों से वहां समय-विभाग-चक्र (Time
table) नाम की कोई वस्तु नहीं होती और न ही हर चालीस मिनट
बाद घण्टियां ही बजती हैं। इस प्रकार विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में
जाकर गणित प्रयोगशाला, विज्ञान-प्रयोगशाला, इतिहास प्रयोगशाला,
...-प्रयोगशाला आदि स्थानों में जाते हैं।

(ग) डाल्टन योजना में अध्यापक का स्थान (Place of the teacher)—डाल्टन योजना के अनुसार कक्षा-अध्यापकों (Class-teachers)
के स्थान पर विषय-विशेषज्ञ (Subject specialists) होते हैं। इन का
कार्य यह होता है कि अपनी प्रयोगशाला में अध्ययन के उपयुक्त वातावरण
बनाए रखें। वे अन्य विषय-विशेषज्ञों से मिलकर वर्ष भर के लिए मासिक
योजना तैयार करते हैं, ताकि विद्यार्थियों के समय का अपव्यय न हो
और विषयों की अनावश्यक आवृत्ति न हो। विद्यार्थियों की आवश्यकता के
अनुसार उन्हें उचित परामर्श देते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान करते
हैं। वे प्रत्येक विद्यार्थी के कार्य का लेखा (record) रखते हैं और यह

कार्य को निश्चित समय में पूरा करते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी गति से कार्य करता है। यदि उस की इच्छा हो तो एक महीने का कार्य जल्दी भी पूरा कर सकता है। परन्तु अगले मास का कार्य उसे तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह उस मास के लिए निर्दिष्ट सभी विषयों के कार्य को पूरा नहीं कर लेता।

(ख) वर्ग कक्षाओं के स्थान पर विषय प्रयोगशालाएं (Subject Laboratories in place of class-rooms)—इस योजना के अनुसार कक्षाओं को समाप्त कर दिया गया है और उनके स्थान पर भिन्न-भिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं का आयोजन किया गया है। इन प्रयोगशालाओं में अपने-अपने विषय के समस्त उपकरण—पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ, चित्र, मान चित्र, रेखा चित्र तथा मूर्तियां (models), इत्यादि, रखे रहते हैं। विभिन्न कक्षाओं के बालक जिस विषय के कार्य को पूरा करना चाहते हैं, उस विषय की प्रयोगशाला में जाकर अध्ययन करते हैं। उन्हें इस बात की पूरी स्वतन्त्रता होती है कि वे किसी भी प्रयोगशाला में जाएँ और जितना समय चाहें वहां बैठें। इन्हीं सब कारणों से वहाँ समय-विभाग-चक्र (Time Table) नाम की कोई वस्तु नहीं होती और न ही हर चालीस मिनट पश्चात् घण्टियां ही बजती हैं। इस प्रकार विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में न जाकर गणित प्रयोगशाला, विज्ञान-प्रयोगशाला, इतिहास प्रयोगशाला, हिन्दी-प्रयोगशाला आदि स्थानों में जाते हैं।

(ग) डाल्टन योजना में अध्यापक का स्थान (Place of the teacher) —डाल्टन योजना के अनुसार कक्षा-अध्यापकों (Class-teachers) के स्थान पर विषय-विशेषज्ञ (Subject specialists) होते हैं। इन का कार्य यह होता है कि अपनी प्रयोगशाला में अध्ययन के उपयुक्त वातावरण बनाए रखें। वे अन्य विषय-विशेषज्ञों से मिलकर वर्ष भर के लिए मासिक कार्य-योजना तैयार करते हैं, ताकि विद्यार्थियों के समय का अपव्यय न हो और विषयों की अनावश्यक आवृत्ति न हो। विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें उचित परामर्श देते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान करते हैं। वे प्रत्येक विद्यार्थी के कार्य का लेखा (record) रखते हैं और यह

(४) यदि किसी कारण विद्यार्थी पाठशाला में कुछ दिन के लिए अनुपस्थित रहता है तो भी उसे किसी प्रकार की हानि नहीं उठानी पड़ती। वह छूटे कार्य को बाद में पूरा कर सकता है।

(५) इस बात की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती कि विद्यार्थियों को अतिरिक्त कार्य गृह काम दिया जाए क्योंकि वह प्रयोगशाला में जितना समय लगाना चाहे लगा सकता है।

(७) प्रयोगशाला में सामाजिक व्यवहार और सहयोग की भावना को ग्रहण करके, विद्यार्थी जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी, इसका प्रयोग करते हैं।

डाल्टन योजना की सीमाएँ—

(१) यह प्रथा तो कमजोर अथवा पढ़ाई में जी चुराने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त नहीं है। वे दूसरे विद्यार्थियों के किए गए कार्य की नकल करके काम को पूरा कर सकते हैं।

(२) इस योजना में छात्रों को मौखिक शिक्षण के लिए अवसर नहीं मिलता। प्रश्नोत्तर पद्धति से बालकों का मस्तिष्क सजग रहता है।

(३) डाल्टन योजना के अनुसार रसानुभूति के पाठ नहीं पढ़ाए जा सकते।

(४) प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएँ बनवाना और उन्हें उपयुक्त उपकरणों से सुसज्जित करना बड़ा व्ययसाध्य कार्य है। भारत-वर्ष में सार्वजनिक पाठशालाओं के पास इतना धन नहीं होता कि वे सब कार्य सुचारु रूप से कर सकें।

(५) अवलोकन एवं निर्देशन ग्रन्थों (Reference Books) के अतिरिक्त प्रत्येक विषय में पाठ्य-पुस्तकों की आवश्यकता होती है। डाल्टन योजना के अनुसार उपयुक्त पुस्तकें प्राप्त करना कठिन काम है।

(६) इस योजना की सफलता के लिए जिस प्रकार के विषय-विशेषज्ञों (Subject specialists) की आवश्यकता पड़ती है वैसे प्रायः नहीं मिल पाते।

(४) यदि किसी कारण विद्यार्थी पाठशाला से कुछ दिन के लिए अनुपस्थित रहता है तो भी उसे किसी प्रकार की हानि नहीं उठानी पड़ती। वह अपने कार्य को बाद में पूरा कर सकता है।

(५) इस बात की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती कि विद्यार्थियों को अधिकांश काम गृह कार्य दिया जाए क्योंकि वह प्रयोगशाला में जितना समय लगाना चाहे लगा सकता है।

(६) प्रयोगशाला में सामाजिक व्यवहार और सहयोग की भावना को उदय करके, विद्यार्थी जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी, इसका प्रयोग करते हैं।

डाल्टन योजना की सीमाएँ—

(१) यह प्रणाली कमज़ोर अथवा पढ़ाई में धीमे चलने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त नहीं है। वे दूसरे विद्यार्थियों के किए गए कार्य की नकल करके काम को पूरा कर सकते हैं।

(२) इस योजना में छात्रों को मौखिक चिंतन के लिए अवसर नहीं मिलता। प्रश्नोत्तर पद्धति से बालकों का मस्तिष्क सजग रहता है।

(३) डाल्टन योजना के अनुसार रसानुभूति के पाठ नहीं पढ़ाए जा सकते।

(४) प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएँ बनवाना और उन्हें उपयुक्त उपकरणों से सुसज्जित करना बड़ा व्ययसाध्य कार्य है। भारतवर्ष में सार्वजनिक पाठशालाओं के पास इतना धन नहीं होता कि वे सब कार्य सुचारु रूप से कर सकें।

(५) अवलोकन एवं निर्देशन ग्रन्थों (Reference Books) के अतिरिक्त प्रत्येक विषय में पाठ्य-पुस्तकों की आवश्यकता होती है। डाल्टन योजना के अनुसार उपयुक्त पुस्तकें प्राप्त करना कठिन काम है।

(६) इस योजना की सफलता के लिए जिस प्रकार के विषय-विशेषज्ञों (*Subject specialists*) की आवश्यकता पड़ती है वैसे प्रायः नहीं

Q 120 Write short notes on

(a) Gifts and occupations

(b) Play in kindergarten [Punjab 1955

(c) Symbolism of Froebel [Punjab 1952

(संक्षिप्त टिप्पणी लिखो)—

(i)—उपहार तथा व्यापार

(ii)—बालोद्यान और खेल [पंजाब १९५५]

(iii)—फ्रोबेल का प्रतीकवाद [पंजाब १९५२]

उत्तर—फ्रोबेल की जीवनी .—

फ्रोबेल (Froebel) का जन्म १७८२ ई० में जर्मनी में हुआ। छोटी अवस्था में ही उसकी माता का देहान्त हो गया और उसके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया। अब बालक का पालन-पोषण उसके मामा के घर होने लगा। मामा ने उसे गाँव की पाठशाला में भेजा परन्तु बालक शिक्षा प्राप्त करने में सफल न हुआ।

पन्द्रह वर्ष की अवस्था में उसे वनों में काम करने के लिए भेजा गया। यहाँ वह प्रकृति के निकट सम्पर्क में दो वर्ष तक रहा। उसके मन में प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना जाग उठी। उसका पिता एक धार्मिक प्रवृत्ति का पादरी था। अपनी प्रारम्भिक अवस्था में वह अपने पिता के पास रहा था। इस प्रकार प्राकृतिक प्रेम तथा धार्मिक भावना के सम्मिलित प्रभाव से उस में एक आदर्शवादी और रहस्यवादी चेतना का प्रस्फुटन हुआ। प्रकृति के भिन्न-भिन्न नियमों तथा व्यापारों में उसे एकता का भान हुआ।

सत्तरह वर्ष की अवस्था में उसने जेना विश्वविद्यालय (University of Jena) में प्रवेश किया। वहाँ उस पर फिश्टे (Fichte) तथा शैलिंग (Schelling) आदि दार्शनिकों का प्रभाव पड़ा। वह पेस्टालाजी (Pestalozzi) से मिलने यवरदन (Yverdun) भी गया जहाँ उसने पेस्तालाजी की शिक्षण पद्धति का अध्ययन किया। फ्रोबेल की निम्नलिखित

Q 120 Write short notes on

(a) Gifts and occupations

(b) Play in kindergarten [Punjab 1955

(c) Symbolism of Froebel [Punjab 1952

(संक्षिप्त टिप्पणी लिखो)--

(i)—उपहार तथा व्यापार

(ii)—बालोद्यान और खेल [पंजाब १९५५]

(iii)—फ्रोबेल का प्रतीकवाद [पंजाब १९५२]

उत्तर—फ्रोबेल की जीवनी :—

फ्रोबेल (Froebel) का जन्म १७८२ ई० में जर्मनी में हुआ। छोटी अवस्था में ही उसकी माता का देहान्त हो गया और उसके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया। अब बालक का पालन-पोषण उसके मामा के घर होने लगा। मामा ने उसे गाँव की पाठशाला में भेजा परन्तु बालक शिक्षा प्राप्त करने में सफल न हुआ।

पन्द्रह वर्ष की अवस्था में उसे वनों में काम करने के लिए भेजा गया। वहाँ वह प्रकृति के निकट सम्पर्क में दो वर्ष तक रहा। उसके मन में प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना जाग उठी। उसका पिता एक धार्मिक प्रवृत्ति का पादरी था। अपनी प्रारम्भिक अवस्था में वह अपने पिता के पास रहा था। इस प्रकार प्राकृतिक प्रेम तथा धार्मिक भावना के सम्मिलित प्रभाव से उस में एक आदर्शवादी और रहस्यवादी चेतना का प्रस्फुटन हुआ। प्रकृति के भिन्न-भिन्न नियमों तथा व्यापारों में उसे एकता का भान हुआ।

सत्तरह वर्ष की अवस्था में उसने जेना विश्वविद्यालय (University of Jena) में प्रवेश किया। वहाँ उस पर फिश्टे (Fichte) तथा शैलिंग (Schelling) आदि दार्शनिकों का प्रभाव पड़ा। वह पेस्टालाजी (Pestalozzi) से मिलने यवरदन (Yverdun) भी गया जहाँ उसने पेस्टालाजी की शिक्षण पद्धति का अध्ययन किया। फ्रोबेल की निम्नलिखित पुस्तकें बहुत प्रसिद्ध हैं —

(i) The Education of Man

इस लिए वह बालकों की प्रवृत्तियों और आत्म-प्रेरणाओं की पूर्ण तथा स्वतन्त्र अभिव्यक्ति का समर्थक था।

(३) विकास का सिद्धान्त—फ्रोबेल बालकों के व्यक्तित्व को बीज की समता देता था। जिस प्रकार वृक्ष का विकास बीज में छिपा रहता है उसी प्रकार बालक का विकास, उसी में निहित होता है। अध्यापक माली के समान है। उसे शिशु रूपी पौदे में ऊपर से कुछ नहीं करना वरन् इसके अंतर को बाह्य रूप प्रस्फुटित करना है। इस लिए अध्यापक को अनुकूल वातावरण की सृष्टि करके बालक के विकास में सहायता करनी चाहिए।

(४) स्वत: क्रिया का सिद्धान्त—(Self activity) उसके मतानुसार बालक का विकास आत्म-प्रेरित स्वत. क्रिया द्वारा होना चाहिए। अपनी स्वतः प्रेरणाओं और भावनाओं को पूरा करने के लिए बालक स्वयं अपने मन से सक्रिय होकर काम करता है। इसलिए काम करने में उसे पूरी स्वतन्त्रता मिलनी चाहिए।

बालक के प्रारम्भिक वर्षों में विकास का सब से उत्तम साधन खेल-कूद हैं। बालक खेल-कूद में रुचि लेता है और आनन्द का अनुभव करता है। इसी लिए फ्रोबेल ने अपनी किण्डरगार्टन पद्धति में खेल कूद को प्रमुख स्थान दिया।

(५) *सामाजिक भावना का विकास*—*बालक पहले* अपने परिवार में और इसके पश्चात समाज में अपनी क्रियात्मक अभिव्यक्ति करता है। सामाजिक सम्पर्क के द्वारा ही उसे भिन्नता और समानता का बोध होता है। फ्रोबेल के विचारानुसार स्वत क्रिया द्वारा जो अनुभूति होती है, प्रकटीकरण सामाजिकता के द्वारा ही होना चाहिए क्योंकि शिशु बड़ा सामाजिक क्रियाओं में भाग लेगा। *किण्डरगार्टन बालकों का एक ऐसा* सा समाज है, जिस में बालक, एक दूसरे की सुविधा का ध्यान रखते हु स्वतन्त्रता के वातावरण में भिन्न-भिन्न क्रियाएँ करते हैं।

बालोद्यान (Kindergarten) शिक्षण पद्धति—

... ... अभिव्यक्ति के तीन प्रमुख साधन हैं—

इस लिए यह बालकों की प्रवृत्तियों और आत्म-प्रेरणाओं की पूर्ण तथा स्वतन्त्र अभिव्यक्ति का समर्थक था।

(३) विकास का सिद्धान्त—फ्रोबेल बालकों के व्यक्तित्व को बीज की समता देता था। जिस प्रकार वृक्ष का विकास बीज में छिपा रहता है उसी प्रकार बालक का विकास, उसी में निहित होता है। अध्यापक माली के समान है। उसे शिशु रूपी पौदे में ऊपर से कुछ नहीं करना वरन् उसके अतर को बाह्य रूप प्रस्फुटित करना है। इस लिए अध्यापक को अनुकूल वातावरण की सृष्टि करके बालक के विकास में सहायता करनी चाहिए।

(४) स्वतः क्रिया का सिद्धान्त—(Self activity) उसके मतानुसार बालक का विकास आत्म-प्रेरित स्वत. क्रिया द्वारा होना चाहिए। अपनी स्वतः प्रेरणाओं और भावनाओं को पूरा करने के लिए बालक स्वयं अपने मन से सक्रिय होकर काम करता है। इसलिए काम करने में उसे पूरी स्वतन्त्रता मिलनी चाहिए।

बालक के प्रारम्भिक वर्षों में विकास का सब से उत्तम साधन खेल-कूद हैं। बालक खेल-कूद में रुचि लेता है और आनन्द का अनुभव करता है। इसी लिए फ्रोबेल ने अपनी किण्डरगार्टन पद्धति में खेल कूद को प्रमुख स्थान दिया।

(५) *सामाजिक भावना का विकास*—*बालक पहले* अपने परिवार में और इसके पश्चात समाज में अपनी क्रियात्मक अभिव्यक्ति करता है। सामाजिक सम्पर्क के द्वारा ही उसे भिन्नता और समानता का बोध होता है। फ्रोबेल के विचारानुसार स्वत क्रिया द्वारा जो अनुभूति होती है, उसका प्रकटीकरण सामाजिकता के द्वारा ही होना चाहिए क्योंकि शिशु बड़ा होकर सामाजिक क्रियाओं में भाग लेगा। *किण्डरगार्टन बालकों का एक ऐसा छोटा* सा समाज है, जिस में बालक, एक दूसरे की सुविधा का ध्यान रखते हुए पूर्ण स्वतन्त्रता के वातावरण में भिन्न-भिन्न क्रियाएँ करते हैं।

बालोद्यान (Kindergarten) शिक्षण पद्धति—

इस शिक्षण-पद्धति में अभिव्यक्ति के तीन प्रमुख साधन हैं—

(i) गीत (ii) गति और

(Cylinder) होते हैं। गोल में गतिशीलता और घनवर्ग में स्थायित्व का ज्ञान होता है। बेलन में गतिशीलता और स्थायित्व दोनों विशेषताएँ एक साथ सम्मिलित है।

तीसरा उपहार—यह लकड़ी का एक बड़ा घनवर्ग है जो आठ छन घन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। इसके द्वारा अंगों का पूर्ण से सम्बन्ध तथा अंगों का परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट किया जा सकता है।

चौथा, पाँचवाँ तथा छठा उपहार यह उपहार भी तीसरे उपहार के समान है। इनके द्वारा संख्या, सम्बन्ध तथा रूप के विषय में बालकों को जानकारी कराई जाती है।

सातवाँ उपहार—इस उपहार में दो रंगों में सुन्दर लकड़ी के बने हुए चौकोर और त्रिभुजाकार टुकड़ों का सेट होता है। इसमें रेखागणित के आकारों और मीनाकारी के काम का अच्छा अभ्यास हो जाता है।

इसी प्रकार अन्य उपहार भी हैं जो कई व्यवसायों में लाभप्रद हो सकते हैं।

व्यापार—इन व्यापारों के द्वारा पदार्थों का आकार बदलने, सुधारने और दूसरा रूप देने की क्रिया हो सकती है। व्यापारों में कागज, मिट्टी, लकड़ी इत्यादि की भिन्न-भिन्न वस्तुएँ बनवाई जाती हैं। आजकल उपहारों की अपेक्षा व्यापारों को अधिक महत्त्व प्रदान किया जाता है।

फ्रोबेल का संकेतवाद—

फ्रोबेल ने अपनी शिक्षण पद्धति में संकेतवाद (Symbolism) पर बहुत अधिक बल दिया है। वह इस बात की आशा करता है कि बालक उस एकता के सिद्धान्त को तथा दैवी चेतना को, उसके उपहारों द्वारा समझ लेवें। इसी लिए वह उपहारों की भिन्न-भिन्न आकृतियों में, रहस्यवादी अर्थ देखता है। वह इतना अध्यात्मवादी है कि सृष्टि के प्रत्येक पदार्थ को वह भगवान का ही दूसरा रूप समझता है।

वर्तमान शिक्षण-पद्धति पर फ्रोबेल का प्रभाव—

(१) खेल द्वारा शिक्षा—आजकल के सभी शिक्षा-शास्त्रियों तथा मनो-

(Cylinder) होते हैं। गोल में गतिशीलता और घनवर्ग में स्थायित्व का ज्ञान होता है। बेलन में गतिशीलता और स्थायित्व दोनों विशेषताएँ एक साथ सम्मिलित हैं।

तीसरा उपहार—यह लकड़ी का एक बड़ा घनवर्ग है जो आठ सम घनवर्गों में विभाजित किया जा सकता है। इसके द्वारा अंगों का पूर्ण से सम्बन्ध तथा अंगों का परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट किया जा सकता है।

चौथा, पाँचवाँ तथा छठा उपहार यह उपहार भी तीसरे उपहार के समान है। इनके द्वारा संख्या, सम्बन्ध तथा रूप के विषय में बालकों को जानकारी कराई जाती है।

सातवाँ उपहार—इस उपहार में दो रंगों में सुन्दर लकड़ी के बने हुए चौकोर और त्रिभुजाकार टुकड़ों का सेट होता है। इसमें रेखागणित के आकारों और मीनाकारी के काम का अच्छा अभ्यास हो जाता है।

इसी प्रकार अन्य उपहार भी हैं जो कई व्यवसायों में लाभप्रद हो सकते हैं।

व्यापार—इन व्यापारों के द्वारा पदार्थों का आकार बदलने, सुधारने और दूसरा रूप देने की क्रिया हो सकती है। व्यापारों में कागज, मिट्टी, लकड़ी इत्यादि की भिन्न-भिन्न वस्तुएँ बनवाई जाती हैं। आजकल उपहारों की अपेक्षा व्यापारों को अधिक महत्व प्रदान किया जाता है।

फ्रोबेल का संकेतवाद—

फ्रोबेल ने अपनी शिक्षण पद्धति में संकेतवाद (Symbolism) पर बहुत अधिक बल दिया है। वह इस बात की आशा करता है कि बालक उस एकता के सिद्धान्त को तथा दैवी चेतना को, उसके उपहारों द्वारा समझ लेवें। इसी लिए वह उपहारों की भिन्न-भिन्न आकृतियों में, रहस्यवादी अर्थ देखता है। वह इतना अध्यात्मवादी है कि सृष्टि के प्रत्येक पदार्थ को वह भगवान का ही दूसरा रूप समझता है।

वर्तमान शिक्षण-पद्धति पर फ्रोबेल का प्रभाव—

(१) **खेल द्वारा शिक्षा**—आजकल के सभी शिक्षा-शास्त्रियों तथा मनो-

। कि आत्म-विकास, समाज में रहकर सम्भव हो सकता है। आज स
शास्त्री फ्रोबेल के इस विचार से सहमत हैं और इसे क्रियान्वित क
ाग में लगे हुए हैं।

ान शिक्षण-पद्धति की सीमाएँ—

1) फ्रोबेल ने शिक्षा के दार्शनिक पक्ष पर बहुत अधिक बल दिया है
ोटे बालकों के लिये इन दार्शनिक सिद्धान्तों का समझना अत्यन्त
है।

२) फ्रोबेल के दिए हुए चित्र और गीत बहुत पुराने हो गए हैं। अभी
पर उन्हें लागू नहीं किया जा सकता।

।) आन्तरिक विकास पर बहुत अधिक बल देने से बाह्य-विकास की
ार दी गई है।

) फ्रोबेल के किण्डर गार्टन में विषयों के परस्पर समन्वय का कोई
हीं है। वर्तमान शिक्षा-शास्त्रियों के मतानुसार विषयों में परस्पर
ध स्थापित करके ही अच्छी प्रकार से शिक्षा दी जा सकती है।

21. Describe the method of sense Training, auto-education
tical activities in the Montessori system of teaching.

त्रियों को शिक्षा, आत्म-शिक्षण तथा व्यावहारिक क्रियाओं को
के लिए मांटेसरी शिक्षण-पद्धति में किन विधियों का अवलम्बन
ता है?)

122. Write a short note on Dr. Maria Montessori and
ibution to the science and practice of education Criticize
ate her work. [Agra. 1953]

मेरिया मांटेसरी पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखो, और इस
र्चा करो कि शिक्षा विज्ञान तथा शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष को
ुनका क्या योग दान है? श्रीमती मांटेसरी के कार्य का विवेचन
न करो।) [आगरा १९५३]

123. Discuss the basic principles of the Montessori
ow have they influenced school practice generally?
[Panjab 1955, 1956]

समता कि आत्म-विकास, समाज में रहकर सम्भव हो सकता है। आज सभी शिक्षा शास्त्री फ्रोबेल के इस विचार से सहमत हैं और इसे क्रियान्वित करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

बालोद्यान शिक्षण-पद्धति की सीमाएँ—

(१) फ्रोबेल ने शिक्षा के दार्शनिक पक्ष पर बहुत अधिक बल दिया है। छोटे-छोटे बालकों के लिये इन दार्शनिक सिद्धान्तों का समझना अत्यन्त कठिन है।

(२) फ्रोबेल के दिए हुए चित्र और गीत बहुत पुराने हो गए हैं। सभी स्थानों पर उन्हें लागू नहीं किया जा सकता।

(३) आन्तरिक विकास पर बहुत अधिक बल देने से बाह्य-विकास की उपेक्षा कर दी गई है।

(४) फ्रोबेल के किण्डर गार्टन में विषयों के परस्पर समन्वय का कोई प्रबन्ध नहीं है। वर्तमान शिक्षा-शास्त्रियों के मतानुसार विषयों में परस्पर सह-सम्बन्ध स्थापित करके ही अच्छी प्रकार से शिक्षा दी जा सकती है।

Q. 121. Describe the method of sense Training, auto-education and practical activities in the Montessori system of teaching.

(इन्द्रियों को शिक्षा, आत्म-शिक्षण तथा व्यावहारिक क्रियाओं की शिक्षा देने के लिए मांटेसरी शिक्षण-पद्धति में किन विधियों का अवलम्बन किया जाता है?)

Q. 122. Write a short note on Dr. Maria Montessori and her contribution to the science and practice of education. Criticize and evaluate her work. [Agra. 1953]

(डा० मेरिया मांटेसरी पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखो, और इस बात की चर्चा करो कि शिक्षा विज्ञान तथा शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष को दिशा में उसका क्या योग दान है? श्रीमती मांटेसरी के कार्य का विवेचन तथा मूल्यांकन करो।) [आगरा १९५३]

Q. 123. Discuss the basic principles of the Montessori system. How have they influenced school practice generally? [Panjab 1955, 1956]

शरीर है जो बढ़ता है, एक आत्मा है जो विकसित होता है" Chil
body which grows and a soul which develops) ।
के इन दो स्वरूपों को न हमें दबाना चाहिए, न कुरूप बनाना च
उन्होंने भी अध्यापक की तुलना माली से की है।

(२) स्वतन्त्रता का सिद्धान्त—श्रीमती मांटेसरी का कहना है कि
शिक्षा बालक के व्यक्तित्व के पूर्ण प्रस्फुटन में सहायक होगी, वही शि
दृष्टि से उपयोगी कही जासकती है" (If any educational
s to be efficacious, it will be only that which t
o help towards the complete unfolding of the ch
ndividuality) । इस लिए प्रत्येक बालक को स्वयं विकास कर
यथासम्भव पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाए। बालक स्वेच्छा से उठें, बैठें, खेलें,
रें। उन्हें दूसरा कोई आदेश न दे।

(३) बालक के व्यक्तित्व का आदर—मांटेसरी शिक्षण-पद्धति में बा
व्यक्तित्व को बड़ा महत्व दिया जाता है। उनके साथ कोई ऐसा व्य
ही किया जाता जिसमें कि उनके मन और हृदय को चोट लगने
म्भावना हो। उनके प्रत्येक कार्य का वैसा ही आदर किया जाता है जैसा
स्कों के कार्य का।

(४) ज्ञानेन्द्रियों का प्रशिक्षण—श्रीमती मांटेसरी के कथनानुसार शि
प्रक्रिया में ज्ञानेन्द्रियों का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इन्द्रियाँ
न के द्वार हैं। बालकों का अध्ययन करके वे इस परिणाम पर पहुँची
न से लेकर सात वर्ष तक बालकों की इन्द्रियाँ विशेष रूप से सक्रिय हो
और यही समय है जब कि बालक बहुत कुछ सीख सकते हैं। ज्ञानेन्द्रि
शिक्षा बालकों को मानसिक शिक्षा के लिए तैयार करती है।

(५) स्वयं-शिक्षा (Auto-education) का सिद्धान्त—श्रीम
सरी के मतानुसार बालकों को बिना अध्यापिका की सहायता के स्वयं
कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने ऐसे शिक्षात्मक उपकरणों (Didact
paratus) का निर्माण किया है जो बालकों की भूलें स्वयं ही उन्हें बत

शरीर है जो बढ़ता है, एक आत्मा है जो विकसित होता है" Child i body which grows and a soul which develops) । वि के इन दो स्वरूपों को न हमें दबाना चाहिए, न कुरूप बनाना चाहि उन्होंने भी अध्यापक की तुलना माली से की है।

(२) स्वतन्त्रता का सिद्धान्त—श्रीमती मांटेसरी का कहना है कि " शिक्षा बालक के व्यक्तित्व के पूर्ण प्रस्फुटन में सहायक होगी, वही शिक्षा दृष्टि से उपयोगी कही जासकती है" (If any educational a is to be efficacious, it will be only that which tend to help towards the complete unfolding of the child individuality) । इस लिए प्रत्येक बालक को स्वयं विकास करने क यथासम्भव पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाए । बालक स्वेच्छा से उठें, बैठें, खेलें, का करें । उन्हें दूसरा कोई आदेश न दे।

(३) बालक के व्यक्तित्व का आदर—मांटेसरी शिक्षण-पद्धति में बालकों के व्यक्तित्व को बड़ा महत्व दिया जाता है । उनके साथ कोई ऐसा व्यवहार नहीं किया जाता जिसमें कि उनके मन और हृदय को चोट लगने की सम्भावना हो। उनके प्रत्येक कार्य का वैसा ही आदर किया जाता है जैसा कि व्यस्कों के कार्य का।

(४) ज्ञानेन्द्रियों का प्रशिक्षण—श्रीमती मांटेसरी के कथनानुसार शिक्षा की प्रक्रिया में ज्ञानेन्द्रियों का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इन्द्रियाँ ही ज्ञान के द्वार हैं । बालकों का अध्ययन करके वे इस परिणाम पर पहुँची कि तीन से लेकर सात वर्ष तक बालकों की इन्द्रियाँ विशेष रूप से सक्रिय होती हैं और यही समय है जब कि बालक बहुत कुछ सीख सकते हैं । ज्ञानेन्द्रियों की शिक्षा बालकों को मानसिक शिक्षा के लिए तैयार करती है।

(५) स्वयं-शिक्षा (Auto-education) का सिद्धान्त—श्रीमती मांटेसरी के मतानुसार बालकों को बिना अध्यापिका की सहायता के स्वयं ही सब कुछ सीखना चाहिए । उन्होंने ऐसे शिक्षात्मक उपकरणों (Didactic apparatus) का निर्माण किया है जो बालकों की भूलें स्वयं ही उन्हें बता देते हैं । इस प्रकार की स्वयं-शिक्षा से बालकों में आत्म-विश्वास और आत्म-

को पहचानता होता है। [illegible] करते हैं [illegible]
बालक [illegible] करता है। [illegible]
द्वारा नाम को याद [illegible] जाती है। जैसे—"इसका क्या रंग है?"
बालक उत्तर देता—"यह लाल रंग है।"

(ख) शारीरिक [illegible] विषय (i) लिखना—इस पद्धति में पहले लिखना सिखाया जाता है [illegible] पढ़ने की [illegible] है। [illegible] लिखने [illegible] करती है। [illegible] लिखना सिखाने में [illegible] जाती है—

(१) [illegible] का अभ्यास—कागज पर [illegible] रेखाचित्र को [illegible] बनाकर उनमें [illegible] भरवाई जाती है और बालक लेखनी को ठीक ठीक पकड़ना सीख जाता है।

(२) अक्षरों का [illegible]—रेगमाल कागज पर कटे अक्षरों पर बालक उंगली फेरता है और, और अक्षरों के रूप को जानने का प्रयत्न करता है।

(३) अक्षरों का ध्वन्यात्मक विश्लेषण—बालक रेगमाल कागज के अक्षरों पर उंग [illegible] फेरते समय उनकी ध्वनि का भी उच्चारण करते हैं।

(ii) पढ़ना—इस पद्धति में पहले ध्वन्यात्मक ढंग पर कागज पर लिखी परिचित वस्तुओं का वाचन करवाया जाता है। जब बालक शब्द को ध्वनियों का ठीक-ठीक उच्चारण करने लगता है तब अध्यापिका उस पूरे शब्द को कई बार आवृत्ति करवाती है। इसके पश्चात् अध्यापिका उस वस्तु के सम्बन्ध में बालक को आदेश देती है।

(iii) गणित—गिनती सिखाने के लिए विभिन्न लम्बाइयों के छोटे बड़े दस डण्डों का प्रयोग किया जाता है। इन डण्डों की लम्बाई को कई भागों में विभाजित कर कुछ भागों को लाल और कुछ को नीला रंग दिया गया है। बालक पहले लम्बाई के क्रम में डण्डों को रखता है और फिर उनके लाल नीले भागों को गिनता है। इसी प्रकार अन्य उपकरणों द्वारा जोड़ना, घटाना, गुणा, [illegible]

Q. 124. Compare and contrast the method of infant teaching advocated by Froebel with that adopted by Montessori.

[Panjab 1955 Suppl]

(फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी ने शिशु-शिक्षण के लिए जिन विधियों का समर्थन किया है, उनकी आपस में तुलना करो।) [पंजाब १९५५ सप्ली०]

उत्तर—दोनों विधियों में समानताएँ—

(i) शिशु शिक्षा का आयोजन—फ्रोबेल तथा माण्टेसरी दोनो शिक्षा विशेषज्ञों ने तीन से लेकर सात वर्ष तक के बालकों के लिए शिक्षा-विधि का निर्माण किया है। फ्रोबेल से पूर्व इस प्रकार का कोई आयोजन नहीं था।

(ii) आन्तरिक विकास पर बल—दोनों ही विधियों में बालक की अन्तः प्रकृति के विकास पर बल दिया गया है। विकास के बीज तो प्रत्येक बालक में जन्मजात होते हैं। शिक्षा का कार्य है उपयुक्त वातावरण द्वारा उनका प्रस्फुटन करना।

(iii) ज्ञानेन्द्रियों की शिक्षा—फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी दोनो ने ही प्रारम्भिक अवस्था में ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षण का समर्थन किया है और इस के लिए भिन्न-भिन्न उपकरणों का आयोजन किया। इन उपकरणों के प्रयोग के लिए ही प्रस्तुत विधियाँ बनाई गई।

(iv) समुचित वातावरण—दोनों ही शिक्षा विशेषज्ञों ने पाठशाला के समुचित वातावरण पर बल दिया है। पाठशाला का वातावरण सुन्दर तथा आकर्षक होना चाहिए।

(v) बालक के व्यक्तित्व का आदर—फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी दोनों ने ही इस बात पर जोर दिया है कि बालक के प्रति प्रेम, सहानुभूति तथा आदर का भाव प्रकट किया जाए।

दोनों विधियों में विभिन्नताएँ

किण्डरगार्टन विधि	माण्टेसरी विधि
(१) फ्रोबेल एक दार्शनिक था। वह शिक्षा को दार्शनिक दृष्टिकोण से देखता है। उसकी	*(१) श्रीमती माण्टेसरी डाक्टर* थी अतः उस का दृष्टिकोण वैज्ञानिक है। जब उस ने शिक्षा के क्षेत्र में
बालोद्यान	

Q. 124. Compare and contrast the method of Infant teachi[ng] advocated by Froebel with that adopted by Montessori.

(Panjab 1955 Sup[p.])

(फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी ने शिशु-शिक्षण के लिए जिन विधियों क[ा] समर्थन किया है, उनकी आपस में तुलना करो।) [पंजाब १९५५ सप्ली॰]

उत्तर—दोनों विधियों में समानताएँ—

(i) **शिशु शिक्षा का आयोजन**—फ्रोबेल तथा माण्टेसरी दोनों शिक्ष[ा] विशेषज्ञों ने तीन से लेकर सात वर्ष तक के बालकों के लिए शिक्षा-विधि क[ा] निर्माण किया है। फ्रोबेल से पूर्व इस प्रकार का कोई आयोजन नहीं था।

(ii) आन्तरिक विकास पर बल—दोनों ही विधियों में बालक की अन्त: प्रकृति के विकास पर बल दिया गया है। विकास के बीज तो प्रत्येक बालक में जन्मजात होते हैं। शिक्षा का कार्य है उपयुक्त वातावरण द्वारा उनका प्रस्फुटन करना।

(iii) **ज्ञानेन्द्रियों की शिक्षा**—फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी दोनों ने ही प्रारम्भिक अवस्था में ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षण का समर्थन किया है और इस के लिए भिन्न-भिन्न उपकरणों का आयोजन किया। इन उपकरणों के प्रयोग के लिए ही प्रस्तुत विधियाँ बनाई गईं।

(iv) समुचित वातावरण—दोनों ही शिक्षा विशेषज्ञों ने पाठशाला के समुचित वातावरण पर बल दिया है। पाठशाला का वातावरण सुन्दर तथा आकर्षक होना चाहिए।

(v) **बालक के व्यक्तित्व का आदर**—फ्रोबेल तथा श्रीमती माण्टेसरी दोनों ने ही इस बात पर जोर दिया है कि बालक के प्रति प्रेम, सहानुभूति तथा आदर का भाव प्रकट किया जाए।

दोनों विधियों में विभिन्नताएँ

किण्डरगार्टन विधि	माण्टेसरी विधि
(१) फ्रोबेल एक दार्शनिक था। वह शिक्षा को दार्शनिक दृष्टिकोण से देखता है। उसकी बालोद्यान	*(१) श्रीमती माण्टेसरी डाक्टर* थी अत: उस का दृष्टिकोण वैज्ञानिक है। जब उस ने शिक्षा के क्षेत्र में

	समय-विभाग-चक्र का कोई बन्धन नहीं। वह एक कमरे से दूसरे कमरे में इच्छानुसार आ जा सकते हैं।
(५) बालकों की ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षण के लिए फ्रोबेल ने बीस उपहारों (gifts) और कई व्यापारों (occupations) का आयोजन किया है।	(५) श्रीमती मान्टेसरी ने शिक्षात्मक-उपकरणों (Diductic apparatus) का निर्माण किया है। श्रवण, दर्शन तथा स्पर्श के लिए भिन्न-भिन्न उपकरण हैं। इसी प्रकार लिखना, पढ़ना तथा गिनना सिखाने के लिए भी भिन्न-भिन्न यन्त्र हैं। यह यन्त्र अशुद्धियों का संशोधन करते हैं और फ्रोबेल के उपहारों (gifts) से यह सर्वथा भिन्न होते हैं।
(६) फ्रोबेल ने शिक्षण में खेल को बहुत महत्व दिया है। बालकों की सभी क्रियाओं (activities) का सम्बन्ध खेलों से है। कोई भी पाठ हो उस में गीत (Song), गति (movement) तथा हाव भाव (gesture) अवश्य रहेंगे।	(६) मांटेसरी स्कूलों में बालक खेलते तो हैं परन्तु खेलों को इतना महत्व नहीं दिया जाता जितना कि शिक्षात्मक उपकरणों (Didactic apparatus) को।
(७) शारीरिक क्रियाओं (Manual activities) पर बहुत अधिक बल दिया जाता है उदाहरण स्वरूप बागबानी का काम (gardening) प्रकृति अध्ययन (nature study) मिट्टी के खिलौने बनाना (clay modelling) इत्यादि	(७) यद्यपि मान्टेसरी स्कूलों के पाठ्यक्रम में भी इस प्रकार की क्रियाओं का समावेश किया गया है परन्तु इनके अध्यापन के सम्बन्ध में कोई विशेष आदेश नहीं दिये गए। श्रीमती मान्टेसरी उन क्रियाओं पर बल देती है जो दैनिक जीवन

समय-विभाग-चक्र का कोई बन्धन नहीं। वह एक कमरे से दूसरे कमरे में इच्छानुसार आ जा सकते हैं।

(५) बालकों की ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षण के लिए फ्रोबेल ने बीस उपहारों (gifts) और कई व्यापारों (occupations) का आयोजन किया है।

(५) श्रीमती मान्टेसरी ने शिक्षात्मक-उपकरणों (Diductic apparatus) का निर्माण किया है। श्रवण, दर्शन तथा स्पर्श के लिए भिन्न-भिन्न उपकरण हैं। इसी प्रकार लिखना, पढ़ना तथा गिनना सिखाने के लिए भी भिन्न-भिन्न यन्त्र हैं। यह यन्त्र अशुद्धियों का संशोधन करते हैं और फ्रोबेल के उपहारों (gifts) से यह सर्वथा भिन्न होते हैं।

(६) फ्रोबेल ने शिक्षण में खेल को बहुत महत्व दिया है। बालकों की सभी क्रियाओं (activities) का सम्बन्ध खेलों से है। कोई भी पाठ हो उस में गीत (Song), गति (movement) तथा हाव भाव (gesture) अवश्य रहेंगे।

(६) मांटेसरी स्कूलों में बालक खेलते तो हैं परन्तु खेलों को इतना महत्व नहीं दिया जाता जितना कि शिक्षात्मक उपकरणों (Didactic apparatus) को।

(७) शारीरिक क्रियाओं (Manual activities) पर बहुत अधिक बल दिया जाता है उदाहरण स्वरूप बागबानी का काम (gardening) प्रकृति अध्ययन (nature study) मिट्टी के खिलौने बनाना (clay modelling) इत्यादि

(७) यद्यपि मान्टेसरी स्कूलों के पाठ्यक्रम में भी इस प्रकार की क्रियाओं का समावेश किया गया है परन्तु इनके अध्यापन के सम्बन्ध में कोई विशेष आदेश नहीं दिये गए। श्रीमती मान्टेसरी उन क्रियाओं पर अधिक बल देती है जो दैनिक जीवन के लिए

प्रयोग साधारण (normal) बालकों पर भी किया गया। आज बेल्जियम के अधिकांश विद्यालयों में इसी पद्धति को अपनाया जा रहा है।

डेक्रॉली शिक्षण पद्धति के सिद्धान्त—

डेक्रॉली शिक्षण-पद्धति का मूल सिद्धान्त यह है कि बालकों को जीवन के लिए जीवन के द्वारा शिक्षा दी जाए (Child should be educat[illegible] for life by life)। इसका तात्पर्य यह है कि शिक्षा को जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी चाहिए। डा० डेक्रॉली के मतानुसार बालक आदिम जाति (primitive) के व्यक्ति के समान है, इसलिए उसकी आवश्यकताएँ भी वैसी ही हैं। बालक की स्वाभाविक रुचियाँ, चार आवश्यकताओं (needs) पर निर्भर है। वे चार आवश्यकताएं हैं भोजन की आवश्यकता (the need for food), रहने के स्थान की आवश्यकता (the need for shelter), सुरक्षा की आवश्यकता (the need for defence) तथा काम की आवश्यकता (the need for work)।

पाठ्यक्रम में जिन क्रियाओं (activities) का आयोजन किया गया है उनका सम्बन्ध बालकों की रुचियों (interests) से है और बालकों की रुचियों का आधार उपरोक्त चार आवश्यकताएँ है। पाठ्यक्रम में आयोजित क्रियाएँ (activities), बालकों की आयु (age) विकास की अवस्थाओं (Stages of Development) तथा पारिवारिक वातावरण (home environment) के अनुसार बदलती रहती हैं।

बालक उपरोक्त क्रियाओं (activities) को करते हुए खेल (play) विधि द्वारा लिखना (writing), पढ़ना (reading), तथा अंक गणित (arithmetic) सीखते हैं।

Q. 126. Describe the main characteristics of the Winnetka technique.

(विनेटिका शिक्षण-पद्धति की मुख्य-मुख्य विशेषताओं की चर्चा करो।)

उत्तर—विनेटिका योजना का जन्म—

इस योजना का निर्माण अमेरिका निवासी डाक्टर कार्लटन वाशबर्न (Dr. Carleton Washburne) ने किया। डा० वाशबर्न ने इस योजना

प्रयोग साधारण (normal) बालकों पर भी किया गया। आज बैलजियम के अधिकांश विद्यालयों में इसी पद्धति को अपनाया जा रहा है।

डेक्रालो शिक्षण पद्धति के सिद्धान्त—

डेक्रालो शिक्षण-पद्धति का मूल सिद्धान्त यह है कि बालकों को जीवन के लिए जीवन के द्वारा शिक्षा दी जाए (Child should be educated) for life by life)। इसका तात्पर्य यह है कि शिक्षा को जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी चाहिए। डा० डेक्रालो के मतानुसार बालक आदिम जाति (primitive) के व्यक्ति के समान है, इसलिए उसकी आवश्यकताएँ भी वैसी ही हैं। बालक की स्वाभाविक रुचियाँ, चार मूल आवश्यकताओं (needs) पर निर्भर है। वे चार आवश्यकताएं हैं भोजन की आवश्यकता (the need for food), रहने के स्थान की आवश्यकता (the need for shelter), सुरक्षा की आवश्यकता (the need for defence) तथा काम की आवश्यकता (the need for work)।

पाठ्यक्रम में जिन क्रियाओं (activities) का आयोजन किया गया है, उनका सम्बन्ध बालकों की रुचियों (interests) से है और बालकों की रुचियों का आधार उपरोक्त चार आवश्यकताएँ हैं। पाठ्यक्रम में आयोजित क्रियाएँ (activities), बालकों की आयु (age) विकास की अवस्थाओं (Stages of Development) तथा पारिवारिक वातावरण (home environment) के अनुसार बदलती रहती हैं।

बालक उपरोक्त क्रियाओं (activities) को करते हुए खेल (play) विधि द्वारा लिखना (writing), पढ़ना (reading), तथा अंक गणित (arithmetic) सीखते हैं।

Q. 126. Describe the main characteristics of the Winnetka Technique.

(विनेटिका शिक्षण-पद्धति की मुख्य-मुख्य विशेषताओं की चर्चा करो।)

उत्तर—विनेटिका योजना का जन्म—

इस योजना का निर्माण अमेरिका निवासी डाक्टर कार्लटन वाशबर्न (*Dr. Carleton Washburne*) ने किया। डा० वाशबर्न ने इस योजना

विनेटिका योजना के प्रधान तत्व :—

पाठशाला के कार्य को बालकों के व्यक्तिगत भेदो के अनुरूप बनाने लिए, इस योजना मे तीन मुख्य बातें हैं :—

(क) **समय इकाई के स्थल पर कार्य इकाई**—बालको को यह मालूम होना चाहिए कि उन्होने कितना कार्य करना है। प्रत्येक बालक अपनी गति से कार्य करेगा। कार्य की दृष्टि से पाठ्यक्रम को दो भागो मे विभाजित किया गया है :—

(i) व्यक्तिगत अध्ययन (Individualized studies)

(ii) सामूहिक अध्ययन (Socialized studies)

व्यक्तिगत अध्ययन—यहाँ पर विषयो को बालको की प्रगति-क्रम के अनुसार रखा गया है। इस योजना के अनुसार विषय दो प्रकार के हैं :—

(i) अनिवार्य विषय, जैसे :—लिखना, पढ़ना, गणित, भूगोल इतिहास इत्यादि।

(ii) एच्छिक विषय, जैसे :—कला, सगीत, साहित्य इत्यादि।

सामूहिक अध्ययन—इसमे भाषण, वादविवाद, अभिनय, खेल-कूद, पाठशाला-पत्रिका इत्यादि कार्य आजाएँगे।

(ख) **निदानात्मक जांच** (Diagnostic Tests)—इस जाँच का उद्देश्य परीक्षा लेना नही वरन् बालको की त्रुटियो तथा कमियो की खोज करनी है ताकि उन्हे दूर किया जा सके।

(ग) **स्वतः अध्ययन एव स्वत. संशोधन की सामग्री का प्रयोग** (Proper use of self-instruction text-books)—यदि बालको ने अपनी गति के अनुसार प्रगति करना है तो उन्हे ऐसे उपकरणो की आवश्यकता है जिन मे वे स्व-शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस शिक्षण पद्धति मे ऐसी सामग्री प्रस्तुत की गई है जिसकी सहायता से बालक स्वय अध्ययन कर सकें।

विनेटिका योजना के प्रधान तत्व :—

पाठशाला के कार्य को बालकों क व्यक्तिगत भेदो के अनुरूप बनाने के लिए, इस योजना मे तीन मुख्य बातें हैं .—

(क) समय इकाई के स्थल पर कार्य इकाई—बालकों को यह मालूम होना चाहिए कि उन्होंने कितना कार्य करना है। प्रत्येक बालक अपनी गति से कार्य करेगा। कार्य की दृष्टि से पाठ्यक्रम को दो भागो मे विभाजित किया गया है :—

(i) व्यक्तिगत अध्ययन (Individualized studies)

(ii) सामूहिक अध्ययन (Socialized studies)

व्यक्तिगत अध्ययन—यहाँ पर विषयो को बालको की प्रगति-क्रम के अनुसार रखा गया है। इस योजना के अनुसार विषय दो प्रकार के हैं —

(i) अनिवार्य विषय, जैसे :—लिखना, पढ़ना, गणित, भूगोल इतिहास इत्यादि।

(ii) एच्छिक विषय, जैसे .—कला, सगीत, साहित्य इत्यादि।

सामूहिक अध्ययन—इसमे भाषण, वादविवाद, अभिनय, खेल-कूद, पाठशाला-पत्रिका इत्यादि कार्य आजाएँगे।

(ख) निदानात्मक जाँच (Diagnostic Tests)—इस जाँच का उद्देश्य परीक्षा लेना नही वरन् बालको की त्रुटियो तथा कमियो की खोज करनी है ताकि उन्हे दूर किया जा सके।

(ग) स्वतः अध्ययन एव स्वत. संशोधन की सामग्री का प्रयोग (Proper use of self-instruction text-books)—यदि बालको ने अपनी गति के अनुसार प्रगति करना है तो उन्हे ऐसे उपकरणो की आवश्यकता है जिन मे वे स्व-शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस शिक्षण पद्धति मे ऐसी सामग्री प्रस्तुत की गई है जिसकी सहायता से बालक स्वय अध्ययन कर सकें।